पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी,
अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान
जबलपुर
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा

Pt. Dwarka Prasad Mishra
Indian Institute of Information Technology,
Design & Manufacturing Jabalpur
(An Institute Established by MHRD Govt. Of India)

क्र. आई.आई.आई.टी.डी.एम.जे./रा.अ./2017/03/
दिनांक : 27.03.2017

अधिसूचना

संस्थान की वेबसाइट की विषयवस्तु, संकल्प, संविदा, निविदा प्रपत्र, संस्थान के नियम इत्यादि का हिन्दी अनुवाद किया जाना है। इसके अतिरिक्त समय समय पर विभिन्न दस्तावेजों के हिन्दी अनुवाद हेतु कुशल हिन्दी अनुवादकों की आवश्यकता बनी रहती है। अतः इस कार्य हेतु अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने में सक्षम संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों/विद्यार्थियों की सेवाएँ लेने की योजना है। ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों/विद्यार्थियों का चयन उनकी अनुवाद प्रतिभा का मूल्यांकन कर किया जायेगा। इन विषयों का संतोषजनक रूप से और समय पर अनुवाद करने पर रू 250 प्रति 1000 शब्द की दर से मानदेय दिया जायेगा।

अनुवाद के लिए इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी/विद्यार्थी संलग्न प्रारूप में अपना आवेदन संस्थान के राजभाषा अधिकारी को प्रेषित करें अथवा **rajbhasha@iiitdmj.ac.in** पर ई–मेल करें।

अपनी रूचि व्यक्त करते समय वे अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुवाद कार्य अनुभव, टेलीफोन नं., ई–मेल का पता और अन्य उपयुक्त सूचना यदि कोई हो, को संलग्न प्रारूप में दें।

1. अनुवादित प्रलेख टंकित ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. टंकित प्रलेख हेतु रूपये 15/– प्रति पेज की दर से टंकण शुल्क का भुगतान किया जायेगा। भुगतान हेतु टंकित प्रलेख की सॉफ्ट प्रतिलिपी (e-copy) भी जमा करना आवश्यक होगा।
3. अनुवादित प्रलेख ई–मेल के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से संस्थान द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को जमा किया जा सकता है।
4. बाद में कभी भी अनुवाद कार्य संतोष जनक न होने पर अथवा समय पर न मिलने पर आगे काम देना बंद किया जा सकता है, जिसके लिए कोई सूचना नहीं दी जाएगी। काम देने या न देने का अधिकार पूर्णतः संस्थान का होगा।
5. अनुवाद के मानदेय का भुगतान संस्थान के संबंधित विभाग से अनुवाद की विषय वस्तु के अनुमोदन हो जाने पर किया जाएगा।
6. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2017 है।

Sd/-
संतोष महोबिया
(राजभाषा अधिकारी)

हिन्दी में मानक अनुवाद के लिए निर्धारित प्रोफार्मा

1. नाम :..

2. पदनाम :..

3. योग्यता (शैक्षिक/तकनीकि) :..

4. हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा के साथ उत्तीर्ण परीक्षा का स्तर

क) हिंदी भाषा के साथ :..

ख) अंग्रेजी भाषा के साथ :..

5. विशेषज्ञता का क्षेत्र :..

6. तकनीकी अनुवाद का अनुभव :..

7. दूरभाष संख्या एवं ई–मेल :..

8. अन्य उपयुक्त सूचना (यदि कोई हो) :..
....

9. संलग्न स्वहस्ताक्षरित दस्तावेजों की संख्या :..

दिनांक : ....
स्थान : ....

(हस्ताक्षर)